ड्रग्स केस में नाना पटवारी की मुश्किलें बढ़ीं, सामने आए नए खुलासे

- पुलिस ने दो महिलाओं के आमने-सामने लिए बयान
- एक महिला ने ड्रग्स सेवन की बात स्वीकारी, दूसरी ने भूखंड सौदे में धोखाधड़ी का आरोप लगाया
- पूर्व ड्राइवर ने भी ड्रग्स सप्लाई की पुष्टि की

नव भारत न्यूज

इंदौर. बहुचर्चित ड्रग्स मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई कुलभूषण उर्फ नाना पटवारी से जुड़े लोगों से पूछताछ का दायरा लगातार बढ़ रहा है. राजेंद्र नगर पुलिस और क्राइम ब्रांच ने सोमवार को नाना पटवारी से जुड़ी महिलाओं से पूछताछ की. एक महिला ने पूछताछ में नाना पटवारी के साथ ड्रग्स सेवन करने की बात स्वीकार की, जबकि पलासिया निवासी एक महिला मित्र ने शुभम वैली कॉलोनी के भूखंड के अनुबंध में लाखों रुपए की कथित धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए दस्तावेज पुलिस को सौंपे हैं.

अब तक नाना पटवारी से जुड़े चार महिलाओं के बयान दर्ज किए जा चुके हैं. सभी बयानों की वीडियोग्राफी कराई गई है और उन्हें डिजिटल साक्ष्यों तथा फंडिंग नेटवर्क से जुड़े इनपुट के साथ मिलाया जा रहा है. जांच टीम विरोधाभासी बयानों की भी पड़ताल कर रही है. इधर, पुलिस रिमांड पर चल रहे नाना पटवारी के पूर्व ड्राइवर और कथित पैडलर भूरु उर्फ आरिफ ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि नौकरी छोड़ने के बाद भी वह आजाद नगर और बंबई बाजार क्षेत्र के पैडलरों से ड्रग्स लाकर नकद और ऑनलाइन भुगतान के बदले नाना पटवारी तक पहुंचाता था. पुलिस ने उसके बयान भी वीडियोग्राफी के साथ दर्ज किए हैं.

नाना पटवारी से फिर होगी पूछताछ : डीसीपी

डीसीपी नरेंद्र रावत ने बताया कि नाना पटवारी के मोबाइल की जांच में दो ऑनलाइन सट्टा एप, संदिग्ध वित्तीय लेन-देन के इनपुट और तीन महत्वपूर्ण मोबाइल नंबर मिले हैं. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन एप के जरिए कथित तौर पर ऑनलाइन सट्टे की लिंक शेयर की जाती थी. मोबाइल से मिले डिजिटल साक्ष्यों और इलेक्ट्रॉनिक डेटा की जांच जारी है. उन्होंने बताया कि रविवार को दो युवतियों के बयान भी दर्ज किए हैं, जिनसे जांच में कुछ अहम जानकारियां मिली हैं. इन्हीं बयानों और मोबाइल से मिले तथ्यों के आधार पर नाना पटवारी को दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा. उससे ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क, संदिग्ध लेन-देन और पार्टी में ड्रग्स सेवन से जुड़े आरोपों पर विस्तार से पूछताछ होगी. साथ ही मोबाइल से मिले तीन नंबरों के आधार पर संबंधित लोगों की तलाश और पूरे नेटवर्क की कड़ियां भी खंगाली जा रही हैं.

इंदौर के 20 सूबेदार बने आरआई, ट्रैफिक पुलिस के 9 अफसर पदोन्नत

- जोन 2 टीआई राधा यादव भी हुई पदोन्नत

नव भारत न्यूज

इंदौर. पुलिस मुख्यालय ने प्रदेशभर के 168 सूबेदार और कार्यवाहक रक्षित निरीक्षकों को रक्षित निरीक्षक (आरआई) पद पर पदोन्नत करने के आदेश जारी कर दिए हैं. पदोन्नत अधिकारियों में इंदौर के 20 सूबेदार और एक कार्यवाहक रक्षित निरीक्षक शामिल हैं. इनमें सबसे अधिक नौ अधिकारी वर्तमान में यातायात पुलिस में पदस्थ हैं.

जारी सूची के अनुसार, जोन 2 थाना प्रभारी राधा यादव कार्यवाहक रक्षित निरीक्षक से पदोन्नत होकर रक्षित निरीक्षक बन गई हैं. वहीं, यातायात पुलिस में पदस्थ सैयद काजिम हुसैन रिजवी, सुमित बिलोनिया, ब्रजराज अजनार, कुलदीप सिंह परिहार, योगेश मिश्रा, राजेंद्र सिंह चौहान, राजू सांवले, मोहिनी गोयल और लक्ष्मी धार्वे को भी रक्षित निरीक्षक के पद पर पदोन्नति मिली है. इनके अलावा लाइन और अन्य शाखाओं में पदस्थ 11 सूबेदार भी पदोन्नत हुए हैं. पदोन्नति के साथ अधिकारियों को लेवल 10 के वेतनमान का लाभ मिलेगा. इसके तहत उनका वेतन 9300-34800 रुपए के वेतनमान तथा 4200 रुपए ग्रेड पे के अनुरूप निर्धारित किया जाएगा.

3 साल से फरार ड्रग तस्कर को दबोचा, मोबाइल और बाइक जब्त

- बायपास पर किसी से मिलने आया था
- नारकोटिक्स विंग ने घेराबंदी कर दबोचा

नव भारत न्यूज

इंदौर. मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे आगर मालवा के कुख्यात तस्कर हबीब उर्फ रहमान को नारकोटिक्स विंग ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया. आरोपी पिछले तीन साल से पुलिस को चकमा देकर फरार था, उसके सिर पर इनाम भी घोषित था. गुप्त सूचना के आधार पर बायपास पर घेराबंदी कर उसे दबोचा.

सूत्रों के मुताबिक, नारकोटिक्स विंग को सूचना मिली थी कि हबीब उर्फ रहमान किसी व्यक्ति से मिलने बायपास क्षेत्र में आने वाला है. इसके बाद टीम ने जाल बिछाकर उसे गिरफ्तार कर लिया. तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन और बाइक जब्त की गई है. बताया जा रहा है कि आरोपी लंबे समय से जांच एजेंसियों की रडार पर था और उसकी तलाश लगातार की जा रही थी. अब उससे पूछताछ कर उसके नेटवर्क, फरारी के दौरान मदद करने वालों और ड्रग्स तस्करी से जुड़े अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है.

फरार आरोपियों पर शिकांजा कसा जा रहा है...

नारकोटिक्स एडीजी, दिनेश्वर वर्मा ने बताया कि प्रदेशभर में फरार पुराने ड्रग तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है. करीब 15 इनामी तस्कर अभी भी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है, जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

चलती कार पर चढ़ा नशेड़ी, शराब की बोतल से विंडशील्ड तोड़ी

- कलेक्टर कार्यालय के सामने दंपती को बनाया निशाना
- वीडियो वायरल, आरोपी को किया गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले वीआईपी इलाके में रविवार रात फिल्मी अंदाज में हुई गुंडागर्दी ने हर किसी को दहला दिया. कलेक्टर कार्यालय के सामने एक नशेड़ी ने बीच सड़क दंपती की कार रुकवाई, फिर दौड़कर सीधे बोनट पर चढ़ गया. इसके बाद हाथ में शराब की बोतल लेकर विंडशील्ड पर ताबड़तोड़ वार किए. कांच टूटने के बावजूद आरोपी काफी देर तक कार पर उछलता रहा. कार के भीतर बैठी महिला दहशत में चीखती रही, जबकि चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए पूरी घटना मोबाइल में कैद कर ली. वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस हरकत में आई और कुछ ही घंटों में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. घटना रविवार देर रात कलेक्टर कार्यालय के सामने हुई. कारोबारी पीयूष मजवानी अपनी पत्नी प्रियम के साथ कार से घर लौट रहे थे. इसी दौरान शराब के नशे में धुत अंकित अपने एक नाबालिग साथी के साथ बीच सड़क आ गया. रास्ता देने के बजाय उसने कार रोक ली और अचानक बोनट पर चढ़ गया. इसके बाद शराब की बोतल से सामने का कांच तोड़ दिया. वीडियो में आरोपी का उन्मादी व्यवहार साफ दिखाई दे रहा है. आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे, जबकि कार में बैठा दंपती खौफ के साये में रहा. घटना के बाद चालक सीधे रावजी बाजार थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई. वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने रात में ही आरोपी की पहचान कर दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया. उसके साथ मौजूद नाबालिग को भी अभिरक्षा में लिया है.

अरोपी को नाबालिग साथी के साथ किया गिरफ्तार...

राउजी बाजार थाना प्रभारी, केपी सिंह यादव ने बताया कि वायरल वीडियो और फरियादी की शिकायत के आधार पर मुख्य आरोपी को उसके नाबालिग साथी के साथ गिरफ्तार कर लिया है. दोनों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है.

एक नजर में

आओ प्रकृति का कर्ज उतारें अभियान के तहत औषधीय पौधे लगाए

महू. पर्यावरण संरक्षण और क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से तथा औषधीय पौधे लगाने की अपनी विशेष श्रृंखला के तहत आइडियल लाइफ क्लब द्वारा आओ प्रकृति का कर्ज उतारें अभियान की शुरुआत की गई. इसके तहत क्लब द्वारा श्री गणेश स्थानीय आंबेडकर गार्डन में पौधारोपण किया गया. अभियान के पहले दिन स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण कई औषधीय पौधे रोपित किए गए. इनमें मुख्य रूप से आंवला, बहेड़ा, हरड़, ब्राह्मी, जामुन, बेलपत्र, गिलोय, इंसुलिन, मोरिंगा, तुलसी और कड़ी पत्ता शामिल हैं. इस अवसर पर क्लब के सभी सदस्यों ने केवल पौधा लगाने तक सीमित न रहकर, उनके पूरी तरह बड़े होने तक नियमित देखभाल और संरक्षण करने का सामूहिक संकल्प भी लिया. क्लब के संगठन प्रमुख अशोक दीक्षित ने बताया कि औषधीय पौधे लगाने का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा. इसी कड़ी में रविवार को अमावस्या के पावन अवसर पर भी क्लब के सदस्यों द्वारा विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया जाएगा. इस दौरान श्याम अग्रवाल, कन्हैया सिंह चौहान, योगाचार्य विजय शर्मा, सुरेश क्षीरसागर सहित क्लब के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे.

विजयवर्गीय समाज ने पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

महू. अभा विजयवर्गीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश विजयवर्गीय के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर देशभर की स्थानीय इकाइयों द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से एक वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है. इसी श्रृंखला में महू विजयवर्गीय समाज के अध्यक्ष दीपक विजयवर्गीय के नेतृत्व में समाजजनों ने केशव पार्क में एकत्रित होकर उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए. इस अवसर पर सदस्यों ने पौधों के पूर्ण रूप से विकसित होने तक नियमित देखभाल, सिंचाई एवं संरक्षण का सामूहिक संकल्प भी लिया. इस अवसर पर हेमंत विजयवर्गीय, विशाल (राजू) विजयवर्गीय, हरिशंकर विजयवर्गीय, विशाल (टोनू) विजयवर्गीय, विनीत विजयवर्गीय, प्रफुल विजयवर्गीय, सार्थक विजयवर्गीय, विशाल विजयवर्गीय, दिनेश विजयवर्गीय, ऋषभ विजयवर्गीय सहित रागिनी विजयवर्गीय, मीना विजयवर्गीय, अनिता विजयवर्गीय, सीमा विजयवर्गीय, तरुणा विजयवर्गीय, सुनीता विजयवर्गीय, निशा विजयवर्गीय, प्रतीक्षा विजयवर्गीय, शिल्पा विनीत विजयवर्गीय, शिल्पा प्रफुल विजयवर्गीय, सलोनी विजयवर्गीय तथा बाल विकास समूह से भावी, वैदेही, शिवि, दिविशा, खियांश सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

खुद नाली में उतरकर खोली ब्लॉक पाइपलाइन

महू. ग्राम पंचायत किशनगंज सांतेर में जनसेवा की एक अनूठी और प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली है. यहां के सरपंच प्रतिनिधि मनोज कौशल ने



जनता की समस्या को अपनी समस्या मानते हुए स्वयं नाली के गटर में उतरकर सफाई की और ब्लॉक पड़ी पाइपलाइन को चालू कराया. उनके इस कदम को देखकर स्थानीय रहवासी दंग रह गए और हर तरफ उनकी इस सादगी और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना हो रही है. स्थानीय निवासियों के अनुसार, किशनगंज के शीतला माता मंदिर क्षेत्र की मुख्य नाली लंबे समय से पूरी तरह ब्लॉक थी. इसके कारण गटर का गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा था. ग्रामीण इसकी शिकायत लगातार पंचायत से कर रहे थे, लेकिन पंचायत के सफाई कर्मचारियों की लापरवाही के चलते कोई भी इस नाली को साफ करने नहीं आ रहा था. जब गंदे पानी की समस्या से लोगों का जीना मुहाल हो गया, तो सरपंच प्रतिनिधि मनोज कौशल ने किसी कर्मचारी या सरकारी प्रक्रिया का इंतजार किए बिना खुद गटर के पास पहुंचे और नाली में उतर गए. उन्होंने अपने हाथों से नाली के भीतर जमा कचरे और गंदगी को साफ किया, जिससे ब्लॉक हुई पाइपलाइन दोबारा शुरू हो सकी. मनोज कौशल के इस कार्य की काफी सराहना की जा रही है.

भेरूघाट के डबल मोड़ पर पलटा मिनी ट्रक, क्लीनर की मौत

- तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह, चालक समेत दो घायल

इंदौर. सिमरोल थाना क्षेत्र के खंडवा रोड स्थित भेरूघाट में देर रात एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक डबल मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे में क्लीनर मोहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक अर्जुन मालवीय और अल्ताफ पटेल घायल हो गए. हादसे के बाद कुछ देर तक यातायात प्रभावित रहा.

मिनी ट्रक नम्बर एमपी 17 एचएच 4310 ग्राम तिंछा की पुलिया के पास पहुंचा था, तभी चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और ट्रक सड़क से नीचे पलट गया. हादसे में क्लीनर के सिर और गर्दन में गंभीर चोटें आईं और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया. राहगीरों ने घायलों को बाहर निकालकर पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी. सिमरोल पुलिस ने पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा. क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक हटाकर यातायात बहाल कराया. पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

चलती ट्रेनों में यात्रियों के बैग साफ करने वाला अंतरराज्यीय गैंग धराया

- एमपी, यूपी और राजस्थान में सक्रिय गिरोह के 9 सदस्य गिरफ्तार
- आरोपियों की निशानदेही पर 15 लाख के जेवर बरामद

नव भारत न्यूज

इंदौर. ट्रेन के जनरल कोच में यात्रियों के बीच बैठकर पलक झपकते ही बैग की चेन खोलकर लाखों के जेवर पार करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का जीआरपी ने पर्दाफाश किया है. मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और राजस्थान की ट्रेनों में सक्रिय इस गैंग के सरगना समेत नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों से करीब 15 लाख रुपए कीमत के 100 ग्राम से अधिक सोने के आभूषण बरामद हुए हैं, जबकि चोरी का कुछ माल उत्तरप्रदेश में बेचे जाने की जानकारी मिली है.

मामले का खुलासा बीना-ग्वालियर पैसेंजर में हुई एक वारदात की जांच के दौरान हुआ. अशोकनगर निवासी एक यात्री के ट्रॉली बैग से सफर के दौरान सोने चांदी के आभूषण चोरी हो गए थे. इसके बाद गठित विशेष जांच दल ने तकनीकी साक्ष्यों और करीब 250 सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर गिरोह की पहचान की.

आरोपियों ने ट्रेनों में चोरी की कई वारदातें कबूलीं

पूछताछ में आरोपियों ने ट्रेनों में चोरी की कई वारदातें कबूल की हैं. उनकी निशानदेही पर सोने का हार, चेन, कंगन और अंगूठियां बरामद की गई हैं. जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह के दो सदस्यों ने ग्वालियर-बीना पैसेंजर में एक महिला का पर्स भी चुराया था. इस मामले में चोरी गया मंगलसूत्र और सोने के मोती भी बरामद कर लिए हैं.

पत्थर और लोहे के एंगल से युवक की हत्या, खेत में मिला शव

- रातभर तलाश करता रहा परिवार
- सुबह बछोड़ा रोड पर मिला लहूलुहान शव

नव भारत न्यूज

इंदौर. गौतमपुरा थाना क्षेत्र के बछोड़ा रोड पर 40 वर्षीय युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई. हमलावरों ने उसके सिर पर पत्थर और लोहे के एंगल से ताबड़तोड़ वार किए. सुबह खेत में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

मृतक का नाम बाबूलाल राठौर निवासी धोबी मोहल्ला, गौतमपुरा बताया गया है. परिजनों ने पुलिस को बताया कि बाबूलाल शाम घर से निकला था, लेकिन रातभर वापस नहीं लौटा. काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला. सुबह ग्रामीणों ने खेत में शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी. घटनास्थल से पुलिस को खून से सना पत्थर, लोहे का एंगल, शराब की बोतल, बीड़ी और माचिस मिली है. प्रारंभिक जांच में आशंका है कि शराब पीने के दौरान हुए विवाद के बाद हत्या की गई. पुलिस को यह भी पता चला है कि बाबूलाल को शनिवार रात कुछ लोगों के साथ शराब दुकान पर देखा गया था, लेकिन वहां लगे सीसीटीवी कैमरे बंद होने से जांच में बाधा आई है.

जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे

गौतमपुरा थाना प्रभारी, अलका मेनिया ने बताया कि मृतक के साथ आखिरी बार देखे गए लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है. एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं. आपसी रंजिश, लेन देन और अन्य सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है. जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा.

दोस्त को आखिरी कॉल कर युवक ने फांसी लगाई

इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र के सांई सुमन नगर में रहने वाले 39 वर्षीय विशाल चौहान ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. आत्मघाती कदम उठाने से पहले उसने अपने एक दोस्त को फोन कर कहा, परिवार से कह देना, मैं अब नहीं रहा. पुलिस ने बताया कि विशाल एक निजी कंपनी में नौकरी करता था. रविवार को अवकाश होने के कारण वह घर पर अकेला था. दोस्त की सूचना पर परिजन कमरे में पहुंचे तो वह फंदे पर लटका मिला. उसे तत्काल निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. प्रारंभिक जांच में पारिवारिक तनाव को आत्महत्या की वजह माना जा रहा है. बाणगंगा थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है. मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है.

रेलवे स्टेशन पर एक यात्री का मोबाइल, दूसरे का बैग चोरी

इंदौर. रेलवे स्टेशन पर चोरों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है. जीआरपी ने स्टेशन पर हुई चोरी के दो अलग-अलग मामले दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है, दोनों घटनाएं प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर हुईं.

हरदा निवासी सुशील कुमार गौर रतलाम जाने के लिए डेमू पैसेंजर का इंतजार कर रहे थे. भीड़ के बीच उन्होंने अपना मोबाइल शर्ट की जेब में रखा था. कुछ देर बाद जेब टटोली तो करीब 10 हजार रुपए कीमत का मोबाइल गायब मिला. माना जा रहा है कि भीड़ का फायदा उठाकर जेबकतरे ने मोबाइल पार कर दिया. वहीं, विदिशा निवासी रघुवीर साहू ट्रेन का इंतजार करते हुए पूछताछ कार्यालय के पास बैठे थे. इस दौरान उन्हें झपकी लग गई. जागने पर पास में रखा बैग गायब था. बैग में 8,500 रुपए नकद, मोबाइल, आधार कार्ड और कपड़े रखे थे.

दोनों मामलों में जीआरपी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं. पुलिस को आशंका है कि स्टेशन पर सक्रिय जेबकतरे और चोर यात्रियों की असावधानी का फायदा उठाकर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं.

एक नजर में — जीवन की फेल क्षेत्र में पर्याप्त जलापूर्ति नहीं होने के साथ ही कई घरों में पहुंच रहा दूषित पानी, लोग पेयजल और स्वास्थ्य दोनों को लेकर परेशान

नई नर्मदा पाइपलाइन भी शहरवासियों की प्यास नहीं बुझा पा रही

इंदौर. नगर निगम द्वारा डाली गई नई नर्मदा पाइपलाइन भी शहर वासियों की प्यास नहीं बुझा सकी. जीवन की फेल क्षेत्र में जलापूर्ति रहवासियों के लिए परेशानी बनी हुई है. पर्याप्त पानी नहीं होने के साथ ही कई घरों में दूषित पानी पहुंचने से लोग पेयजल और स्वास्थ्य दोनों को लेकर परेशान हैं.

शहर में जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के दावों के बीच वार्ड क्रमांक 56 के जीवन की फेल क्षेत्र में पेयजल संकट बरकरार है. यह मजदूर बहुल इलाका वर्षों से पानी की किल्लत झेल रहा है. पुरानी नर्मदा पाइपलाइन जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने के कारण नियमित जलापूर्ति प्रभावित होती रही, जिससे बरसात, सर्दी और गर्मी हर मौसम में लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ता था. कई परिवार सरकारी बोरिंग नगर निगम के टैंकरों और निजी टैंकरों पर निर्भर रहने को मजबूर रहे. समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र में नई नर्मदा पाइपलाइन बिछाई गई, लेकिन हालात में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ. क्षेत्र में डाली गई नई लाइन से भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है. इतना ही नहीं, घरों में दूषित पानी की आपूर्ति होने से स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं भी बढ़ गई हैं. क्षेत्रवासियों ने नगर निगम से जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त कर स्वच्छ एवं पर्याप्त पानी उपलब्ध की है.

यह बोले रहवासी...

नर्मदा पानी आने का कोई निश्चित समय नहीं है. नल कभी आते हैं, कभी नहीं आते. क्षेत्र के बोरिंग पर लोग निर्भर हैं. नियमित तौर पर जल आपूर्ति की जाना चाहिए.

- मुकेश बैरैदे



पुरानी लाइन से दूषित पानी आ रहा था, अब नर्मदा की नई लाइन डाल दी गई है, लेकिन उसमें भी बदबूदार और पीला गटर जैसा पानी आता है.

- प्रदीप वर्मा

क्षेत्र की गलियों में जहां से नर्मदा लाइन का कनेक्शन आया है, वहां पॉइंट चेक करना चाहिए. गड़बड़ वहीं से है, उसको सुधारेंगे तो गंदे पानी की समस्या खत्म हो जाएगी.

- कांता वर्मा